भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *414**

जिसका उत्तर 21.08.2025 को दिया जाना है

**ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजनाएं**

†*414. श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देशभर के जनजातीय बहुल आकांक्षी जिलों में नई ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजनाओं/गलियारों की योजना बनाई गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) दक्षिण गुजरात, विशेषकर वलसाड-डांग क्षेत्र में ऐसी परियोजनाओं/गलियारों की स्थिति क्या है; और

(ग) क्या सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अवसंरचना या सौर ऊर्जा से संचालित विश्राम क्षेत्रों वाली राजमार्ग सड़कों को प्राथमिकता दे रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रख जाता है।

**"ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजनाएं" के संबंध में श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल द्वारा 21 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 414 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लखित विवरण ।**

(क) सरकार का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। देश भर के आकांक्षी और जनजातीय जिलों को संपर्कता प्रदान करने वाली ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजनाओं/गलियारों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत रुप से चलने वाली प्रक्रिया है।

सरकार ने देश की लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार के लिए कुल 8,391 किलोमीटर लंबाई में ग्रीनफील्ड पहुंच नियंत्रित राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर (एचएससी)/एक्सप्रेसवे का विकास कार्य शुरू किया है, जिनमें बेहतर संपर्कता के लिए 41 आकांक्षी और जनजातीय जिलों (विवरण अनुबंध I के अनुसार) शामिल है। इनमें से अब तक लगभग 5,100 किलोमीटर का निर्माण हो चुका है, जिसमें लगभग 2,800 किलोमीटर की चालू लंबाई शामिल है।

उपरोक्त के अलावा, सरकार ने 4,300 किलोमीटर लंबाई के ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय एचएससी/एक्सप्रेसवे बनाने की भी योजना बनाई है, जिससे 10 अतिरिक्त आकांक्षी और जनजातीय जिलों को इस तरह की बेहतर संपर्कता से लाभ मिलने की उम्मीद है (विवरण अनुलग्नक II के अनुसार है)।

(ख) दक्षिण गुजरात में वलसाड -डांग क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति निम्नलिखित है :

वलसाड जिले से गुजरने वाले वडोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे पैकेज-8, 9 और 10 की स्थिति निम्नानुसार है:-

| **परियोजना** | **वलसाड में लंबाई (किमी)** | **वास्तविक प्रगति** | **पूरा होने की संभावित तिथि** |
|---|---|---|---|
| पैकेज-8 | 35.4/14.16 | 4.59% | 15.11.2026 |
| पैकेज-9 | 26.6/26.6 | 21.90% | 30.06.2026 |
| पैकेज-10 | 24.6/9 | 35.85% | 31.03.2026 |

(ग) सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के किनारे 40-60 किलोमीटर के अंतराल पर सड़क किनारे सुविधाओं के विकास की परिकल्पना करती है ताकि सड़क प्रयोक्ताओं और ट्रक चालकों को भोजनालय, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, ईंधन स्टेशन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन, अल्पकालिक आवास आदि जैसी सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान की जा सकें। 1 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले मार्गस्थ सुविधा स्थलों के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों को अनिवार्य सुविधा के रूप में प्रावधानित किया गया है।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय/राज्यीय राजमार्गों पर 4557 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन संस्थापित किए गए हैं। विशेष रूप से, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित सुविधाओं पर 62 ईवी चार्जिंग स्टेशन कार्यरत हैं।

**अनुलग्नक-I**

**"ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजनाएं" के संबंध में श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल द्वारा 21 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 414 के भाग (क) के उत्तर में उल्लखित अनुलग्नक**

**कार्यान्वयन के तहत हाई स्पीड कॉरिडोर से जुड़े आकांक्षी और जनजातीय जिलों की सूची**

| क्र. सं. | ज़िला | राज्य | जिला प्रकार | गलियारे का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विशाखापत्तनम | आंध्र प्रदेश | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 2 | विजयनगरम | आंध्र प्रदेश | आकांक्षी | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 3 | हैलाकांडी | असम | आकांक्षी | शिलांग - सिलचर |
| 4 | औरंगाबाद | बिहार | जनजातीय, आकांक्षी | वाराणसी - रांची - कोलकाता |
| 5 | धमतरी | छत्तीसगढ | जनजातीय | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 6 | कांकेर (उत्तर बस्तर ) | छत्तीसगढ | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 7 | महासमुंद | छत्तीसगढ | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 8 | राजनंदगांव | छत्तीसगढ | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 9 | दादरा और नगर हवेली | दादरा और नगर हवेली | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 10 | भरूच | गुजरात | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 11 | दौसा | गुजरात | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 12 | दाहोद | गुजरात | जनजातीय, आकांक्षी | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 13 | नवसारी | गुजरात | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 14 | पंचजिला | गुजरात | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 15 | वलसाड | गुजरात | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 16 | नूह | हरियाणा | आकांक्षी | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 17 | रियासी | जम्मू और कश्मीर | जनजातीय | दिल्ली - अमृतसर - कटरा |
| 18 | बोकारो | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | वाराणसी - रांची - कोलकाता |
| 19 | चतरा | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | वाराणसी - रांची - कोलकाता |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | गुमला | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर रांची कॉरिडोर |
| 21 | हजारीबाग | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | वाराणसी - रांची - कोलकाता |
| 22 | खूंटी | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर रांची कॉरिडोर |
| 23 | रामगढ़ | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | वाराणसी - रांची - कोलकाता |
| 24 | रांची | झारखंड | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर रांची कॉरिडोर |
| 25 | रायचूर | कर्नाटक | आकांक्षी | सोलापुर - कुरनूल |
| 26 | यादगीर | कर्नाटक | आकांक्षी | सोलापुर - कुरनूल |
| 27 | रतलाम | मध्य प्रदेश | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 28 | पालघर | महाराष्ट्र | जनजातीय | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस |
| 29 | पूर्वी जयंतिया हिल्स | मेघालय | जनजातीय | शिलांग - सिलचर |
| 30 | पूर्वी खासी हिल्स | मेघालय | जनजातीय | शिलांग - सिलचर |
| 31 | पश्चिम जयंतिया हिल्स | मेघालय | जनजातीय | शिलांग - सिलचर |
| 32 | कोरापुट | ओडिशा | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर - विशाखापत्तनम |
| 33 | मोगा | पंजाब | आकांक्षी | अमृतसर - भटिंडा - जामनगर |
| 34 | जशपुर | छत्तीसगढ | जनजातीय | रायपुर रांची कॉरिडोर |
| 35 | कोरबा | छत्तीसगढ | जनजातीय, आकांक्षी | रायपुर रांची कॉरिडोर |
| 36 | धौलपुर | राजस्थान | आकांक्षी | आगरा - ग्वालियर |
| 37 | खम्मम | तेलंगाना | जनजातीय, आकांक्षी | सूर्यापेट (हैदराबाद) - देवरापल्ली (विशाखापत्तनम) |
| 38 | चंदौली | उत्तर प्रदेश | आकांक्षी | वाराणसी - रांची - कोलकाता |
| 39 | हरिद्वार | उत्तराखंड | आकांक्षी | दिल्ली - सहारनपुर - देहरादून |
| 40 | बीरभूम | पश्चिम बंगाल | आकांक्षी | खड़गपुर - मोरग्राम |
| 41 | मुर्शिदाबाद | पश्चिम बंगाल | आकांक्षी | खड़गपुर - मोरग्राम |

**अनुलग्नक-II**

**"ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजनाएं" के संबंध में श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल द्वारा 21 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 414 के भाग (क) के उत्तर में उल्लखित अनुलग्नक**

नियोजित एचएससी द्वारा जनजातीय और आकांक्षी जिलों के लिए अतिरिक्त 10 संपर्कता

| क्र. सं. | ज़िला | राज्य | जिला प्रकार | गलियारे का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आदिलाबाद | तेलंगाना | आकांक्षी | नागपुर - हैदराबाद |
| 2 | बेगूसराय | बिहार | आकांक्षी | मोकामा-मुंगेर |
| 3 | जामताड़ा | झारखंड | जनजातीय | रक्सौल - हल्दिया |
| 4 | जमुई | बिहार | जनजातीय, आकांक्षी | रक्सौल - हल्दिया |
| 5 | खगरिया | बिहार | आकांक्षी | मोकामा-मुंगेर |
| 6 | मुजफ्फरपुर | बिहार | जनजातीय, आकांक्षी | रक्सौल - हल्दिया |
| 7 | नासिक | महाराष्ट्र | जनजातीय | नासिक - अहमदनगर - सोलापुर - अक्कलकोट |
| 8 | पूर्णिया | बिहार | आकांक्षी | पटना - पूर्णिया |
| 9 | शेखपुरा | बिहार | आकांक्षी | रक्सौल - हल्दिया |
| 10 | विरुधुनगर | तमिलनाडु | आकांक्षी | मदुरै - कोल्लम ( राजपालयम - शेनकोट्टई ) |

*****